INQUILABI NAZAR, LUCKNOW
Friday, 10 October 2014

एलपीएस व लामार्टीनियर बने टीसीएस आईटी विज के विजेता

◉ मेगा फाइनल में लखनऊ का करेंगे प्रतिनिधित्व

लखनऊ (ब्यूरो)। उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से 1200 से भी अधिक छात्रों ने इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित टीसीएस आईटी विज में भाग लिया। देश की सबसे बड़ी क्विज टीसीएस आईटी विज का आयोजन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा किया गया।

आइटी विज में लखनऊ के अलावा इलाहाबाद, देहरादून, फैजाबाद, कानपुर, बरेली, रायबरेली, वाराणसी की टीमों ने इस वर्ष टीसीएस आईटी विज के लखनऊ संस्करण में भाग लिया। रोमांचक क्षेत्रीय फाइनल के उपरांत एलपीएस व लामार्टीनियर ने खिताब जीता। 2014 टीसीएस आईटी विज के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विजेता टीमें अब मेगा फाइनल में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता में 6 फाइनलिस्ट सबसे उत्साही स्कूल को भी पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि एएल बर्नजी, आईपीएस, पुलिस महानिदेशक एवं प्रोफेसर रुतिश डोलिकर कुलपति, भातखंडे संगीत लखनऊ ने जयंत कृष्णा, रीजनल हेड टीसीएस लखनऊ के साथ पुरस्कार वितरित किये। टीसीएस आईटी विज क्विज कि दुनिया में बुद्धिमान और दिलचस्प सवालों के मिश्रण एवं नई प्रौद्योगिकी अवधारणाएं जैसे सॉफ्टवेयर आधारित राउंड गैमिफिकेशन और एनीमेशन के माध्यम से बदलाव लाने की पहल है। टीसीएस आईटी विज कक्षा 8-12 में अध्यन कर रहे छात्रों के लिए खुला था। भाग लेने के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं था। क्विज के दौरान सोशल मीडिया आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत वास्तविक समय में छात्रों को संलग्न करने के लिए एक इंटरैक्टिव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ट्वीटर प्रतियोगिता में लगभग 8500 ट्वीट्स किये गये। दो शीर्ष विजेताओं को बलूटूथ स्पीकरस से सम्मानित किया गया। शहरों में उच्चतम ट्वीट अंक अर्जित करने वाले छात्र को टीसीएस आईटी विज के मेगा फाइनल देखने के लिए मुंबई ट्रिप आयोजित की जायेगी।